# उत्तरप्रदेश को एआइ हब बनाएगी ईएसआरआइ

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली** : भौगोलिक सूचना प्रणाली की देश की अग्रणी कंपनी ईएसआरआइ ने नोएडा में अपना एआइ हब बनाने का फैसला किया है। कंपनी ने यहां जीआइएस और एआइ केंद्र स्थापित करने में 150 करोड़ रुपये के नए निवेश की घोषणा की है। इस रणनीतिक निवेश के जरिये जो केंद्र स्थापित होगा उसमें एआइ विशेषज्ञों, डाटा वैज्ञानिकों, जीआइएस विशेषज्ञों को रोजगार मिलेगा। यहां खासतौर पर भू-स्थानिक क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर काम करेगा। कंपनी का कहना है कि इस क्षेत्र में नोएडा केंद्र विश्व में अलग पहचान बना सकती है। ईएसआरआइ इंडिया टेक्नोलोजीज लिमिटेड भौगोलिक सूचना प्रणाली से जुड़ी ऐसी कंपनी है जो अपनी सेवाएं सरकारी व निजी क्षेत्र के साथ ही शैक्षणिक संस्थानों को भी दे रही है। भू-स्थानिक क्षेत्र से जुड़ी इसकी सूचनाओं से कंपनियों व सरकारी एजेंसियों को अपनी रणनीति बनाने में मदद मिलती है। इस प्रौद्योगिकी का उपयोग ना सिर्फ शहरी योजना बनाने में बल्कि पर्यावरण प्रबंधन, आपदा प्रबंधन के अलावा सैन्य सुरक्षा क्षेत्र में किया जा सकता है। ईएसआरआइ का कहना है कि एआइ आधारित भू-स्थानिक सूचनाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। नोएडा केंद्र के जरिए इस मांग को पूरा किया जाएगा।